PAN No. AAAT...

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS
मानक पथप्रदर्शक

भोपाल शाखा कार्यालय : 'मानकालय', ई-5, अरेरा कालोनी
विट्टन मार्केट, भोपाल-462016 (म.प्र.)
BHOPAL BRANCH OFFICE : 'Manakalaya', E-5, Arera Colony
Bittan Market, Bhopal-462016 (M.P.)

Soft copy download of India Standards now available from BIS sales portal http:// www. standardsbis.in

BIS offers complete training solution for Standards and Management Systems. For details see http:// www. bis.org.in or e-mail at nits@bis.org.in

दूरभाष / Tel.: 2423449, 2423452, 2423454, 2420493, 244255...
तार : मानकसंस्था / Gram : Manaksanstha
ई-मेल / E-mail : bplbo@bis.org.in
फैक्स / Fax : (0755) 2423451, वेबसाइट/ Website : www.bis.org.in

सन्दर्भ:बीपीएल/ईएनएफ/1 27 नवम्बर 2017

## :: प्रेस विज्ञप्ति ::

**भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा इन्दौर में नकली आईएसआई मार्क लगा कर बेच रहे इलेक्ट्रिक इमरशन वाटर हीटर एवं पीवीसी इन्सुलेटेड वायर एण्ड केबल्स की दुकान पर छापा**

श्रीमति प्रीति भटनागर, वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख भोपाल शाखा कार्यालय के निर्देशानुसार ब्यूरो के अधिकारियों ने दिनांक 24 नवम्बर 2017 को सर्च एण्ड सीज़र कार्यवाही करते हुए एक दुकान मेसर्स रूप एजेन्सी, इन्दौर, मध्यप्रदेश पर छापा मारा जहां बिना वैध लाइसेंस के आईएसआई मार्कड़ इलेक्ट्रिक इमरशन वाटर हीटर एवं पीवीसी इन्सुलेटेड वायर एण्ड केबल्स बेचा जा रहा था । छापे के दौरान संबंधित फर्म से 115 आईएसआई मार्क लगा इमरशन वाटर हीटर एवं 13 केबल के बन्डल जब्त किये गया 1

यह कार्यवाही भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल द्वारा बीआईएस अधिनियम, 1986 के तहत उलंघनकर्ताओं के खिलाफ की जा रही है । इस अधिनियक के तहत उलंघनकर्ता को एक साल की कैद अथवा रूपये 50,000/- जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है ।

यह देखा गया है कि उत्पादक आर्थिक फायदे के लिए अपने उत्पाद पर नकली आईएसआई मार्क लगाकर आम ग्राहकों को बेच रहे हैं । ग्राहकों से अनुरोध है कि वे कोई भी आईएसआई मार्क लगा उत्पाद खरीदने से पहले उसकी प्रमाणिकता बीआईएस की वेबसाइट www.bis.org.in पर जांच लें ।

आम जनमत से निवेदन है कि उनके सामने आईएसआई मार्क के दुरूपयोग का मामला सामने आने पर भोपाल शाखा प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, मानकालय, ई-5, अरेरा कालोनी, विट्टन मार्केट, भोपाल-462016 को सूचित करें या इसकी शिकायत ई-मेल bpbo@bis.org.in या hbpbo@bis.org.in या दूरभाष संख्या 0755-2423452, 2423454 पर भी की जा सकती है । शिकायतकर्ता की जानकारी गोपनीय रखी जायेगी ।

(प्रीति भटनागर)
वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख

प्रति,

वरिष्ठ मीडिया एवं संचार अधिकारी, पत्र सूचना कार्यालय, भोपाल - कृपया उपरोक्त समाचार विज्ञप्ति को मध्यप्रदेश के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित करा कर समाचार की कतरने इस कार्यालय को प्रेषित कर अनुग्रहित करें ।